संबंध में एक हफ्ते पहले ही एक अर्द्धशासकीय पत्र भी लिखा है, जिसमें साफ कहा है कि राज्य को अपना अंशदान जमा कराने के लिए जुलाई, 2017 में ही लिख दिया गया था, लेकिन अभी तक पैसा जमा नहीं कराया गया। जबकि पर नाराजगी जताते हुए उपकरणों से जुड़ी कंपनी हाइट्स को खरीद प्रक्रिया रोकने को कहा है। माना जा रहा है कि समय रहते राज्य सरकार ने अंशदान जमा नहीं कराया तो तीनों प्रोजेक्ट तय समय पर पूरे नहीं हो पाएंगे।

गेस्ट्रोएंट्रोलाजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरोलॉजी व न्यूरो सर्जरी विभागों की इसमें सेवाएं

... हो चुका है, इन दिनों उपकरणों के इंस्टालेशन का काम चल रहा है।

... के स्तर से डील हो रही है, हमें तो पहली बार कहा गया है।
- आनंद कुमार, चिकित्सा शिक्षा सचिव, राजस्थान

रही कंपनी ... खरीद प्रक्रिया ...

**अब तक इतना पैसा हो चुका खर्च** | कोटा ▸67.59 करोड़ | उदयपुर ▸68.45 करोड़ | बीकानेर ▸

# कोटा की चार बेटियों ने बनाई सीएस फाउंडेशन की मेरिट में जगह

- **ऋतिका ने हासिल की ऑल इंडिया 10वीं रैंक**
- **सलोनी, प्रज्ञा व सुहानी भी मेरिट लिस्ट में**

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की ओर से जून में आयोजित कंप्यूटर बेस्ड सीएस फाउंडेशन एग्जाम में कोटा की चार बेटियों ने मेरिट में जगह बनाई है। ऋतिका अग्रवाल ने ऑल इंडिया 10वीं रैंक हासिल करते हुए कोटा चैप्टर भी टॉप किया है। सलोनी शर्मा ने 20, प्रज्ञा सक्सेना ने ऑल इंडिया 22 और सुहानी जैन ने 24वीं रैंक हासिल की है। कोटा चैप्टर से कुल 75 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। इनमें से 44 स्टूडेंट्स ने फाउंडेशन पास किया। कोटा चैप्टर का रिजल्ट 59 प्रतिशत रहा।

कोटा चैप्टर की चेयरपर्सन कल्पना शर्मा ने भास्कर को बताया कि चार छात्राओं को मेरिट में आना एक बड़ी उपलब्धि है। चैप्टर इंचार्ज राजू कुमार ने बताया कि अगली परीक्षा दिसंबर में होगी। फॉर्म 26 अगस्त से 25 सितंबर तक भरे जाएंगे।



**एक माह की तैयारी में ही 10वीं रैंक आई ऋतिका की :** ऑल इंडिया 10वीं रैंक हासिल करने वाली ऋतिका ने एक माह की तैयारियों से ही मेरिट में जगह बना ली। अभी अहमदाबाद के निरमा कॉलेज से एलएलबी कर रही ऋतिका ने बताया कि सेमेस्टर एग्जाम समाप्त होने के बाद उनको सीएस की तैयारियों का समय मिला था। पिता रामावतार अग्रवाल बिजनेसमैन और मां मीना अग्रवाल गृहिणी हैं।



**तीन से चार घंटे पढ़ाई करके मेरिट में जगह बनाई प्रज्ञा ने :** 22वीं रैंक हासिल करने वाली **प्रज्ञा सक्सेना** ने तीन से चार घंटे पढ़ाई करके सफलता हासिल की है। पिता मनोज कंपनी में असिस्टेंट सेल्स मैनेजर व मां अर्चना गृहिणी हैं। प्रज्ञा ने एग्जीक्यूटिव एग्जाम की तैयारी भी शुरू कर दी है। वे बीकॉम सेकंड ईयर की पढ़ाई भी कर रही हैं। वे सीएस के साथ एलएलबी करना चाहती हैं।



**एलएलबी करते हुए सलोनी ने हासिल की 20वीं रैंक:** **सलोनी शर्मा** भी अहमदाबाद के निरमा कॉलेज से एलएलबी कर रही हैं। वह एलएलबी व सीएस करके कॉरपोरेट लॉ में ही आगे काम करना चाहती हैं। लॉ के तीन सेमेस्टर पूरे हो चुके हैं। लॉ की पढ़ाई के दौरान ही सीएस का एग्जाम दिया। वह लॉ कंपलीट करने के साथ ही सीएस भी पूरा करना चाहती हैं। पिता राजकुमार बिजनेसमैन और मां रीता गृहिणी हैं।



**पहले ही प्रयास में मेरिट में आई सुहानी:** ऑल इंडिया 24वीं रैंक हासिल करने वाली **सुहानी जैन** के 12वीं में 82 प्रतिशत अंक आए थे। सीएस फाउंडेशन में उन्होंने पहले ही अटेंप्ट में उन्होंने ऑल इंडिया मेरिट में जगह बना ली। सुहानी ने बताया कि उन्होंने रिजल्ट के बारे में अधिक नहीं सोचा। इस कारण सफलता हासिल हुई। उनको म्यूजिक बेहद पसंद है। वह पिता निरंजन जैन और मां ऋतु जैन को सफलता का श्रेय देती हैं।

दैनिक भास्कर

ail.com

दैनिक नवज्योति

# कंपनी सेकेट्री परीक्षा में कोटा की रीतिका ने मारी बाजी



अपने परिवार के साथ तृतीय रैंक प्राप्त प्रज्ञा शर्मा

## कोटा सेंटर से पहले चार स्थान पर लड़कियों का कब्जा

नवज्योति/कोटा

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की ओर से सीबीई आधारित फाउंडेशन कार्यक्रम का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। इसमें कोटा सेंटर की लड़कियों ने बाजी मारी है। यहां से चारों स्थानों पर लड़कियों ने कब्जा जमाया है। सचिव संस्थान की ओर से जारी सूचना के अनुसार कोटा की रीतिका अग्रवाल ने बाजी मारी है। इनको कोटा सेंटर में प्रथम और ऑल इंडिया में 10वीं रैंक मिली है। इसके अलावा शहर की सलोनी शर्मा को सेंटर स्तर पर दूसरी और एआईआर रैंक 20वीं, प्रज्ञा सक्सेना को सेंटर स्तर पर तृतीय और एआईआर रैंक 20वीं तथा सुहानी जैन को सेंटर स्तर पर चौथी तथा एआईआर रैंक 24 मिली है। कोटा केंद्र से 75 छात्रों ने कंपनी सेकेट्री की परीक्षा दी थी, इनमें 44 छात्र उतीर्ण घोषित किए गए है। परीक्षा परिणाम आईसीएस की वेबसाइट पर अपलोड दिया गया है। इस अवसर पर कोटा चैप्टर ऑफ आइसीएसआई के चेयरपर्सन कल्पना शर्मा, वाइस चेयरमैन राहुल जैन, सेक्रेट्री पूजा मांघनानी और चैप्टर इंचार्ज राजू कुमार ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। अगली परीक्षा दिसंबर 2018 में होगी।

## एक माह में ही रीतिका ने किया एग्जाम क्रेश

कंपनी सेक्रेट्री परीक्षा परिणाम में केशवपुरा निवासी रीतिका अग्रवाल कोटा सेंटर स्तर पर प्रथम रही है। जबकि देश भर में 10वीं रैंक मिली है। यह मुकाम रीतिका ने महज एक महीने की तैयारी में हासिल किया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही अहमदाबाद से लॉ की पढ़ाई भी कर रही है। परीक्षा नजदीक आने के बाद कोटा आकर घर पर ही बिना कोचिंग से इसकी तैयारी की है। इसके साथ ही दूसरी रैंक पर रहने वाली सलोनी शर्मा ने भी बिना किसी कोचिंग से यह मुकाम हासिल किया है। एक और खास बात यह भी है कि दोनों खास दोस्त है। सलोनी भी अहमदाबाद से ही लॉ की पढ़ाई कर रही है।